# University in News on 19 June 2025

## HINDUSTAN PAGE 8

### एलयू में विभिन्न डिप्लोमा, प्रमाणपत्र और प्रोफेशिएंसी कोर्स में आवेदन की तिथि बढ़ी

# 41 डिप्लोमा, सर्टिफिकेट कोर्स में 30 तक आवेदन

मिशन एडमिशन

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025-26 प्रवेश प्रक्रिया के तहत स्नातक और परास्नातक के बाद पीजी डिप्लोमा, एडवांस डिप्लोमा, डिप्लोमा, प्रमाणपत्र और प्रोफेशिएंसी पाठ्यक्रमों में भी दाखिले के लिए आवेदन की तिथि बढ़ा दी गई है। अब इन पाठ्यक्रमों के लिए 30 जून तक आवेदन कर सकेंगे। इस संबंध में प्रवेश समन्वयक डॉ. अनित्य गौरव ने सूचना भी जारी कर दी है। कुल 41 पाठ्यक्रमों की 1010 सीट पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया का जारी है। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर समर्थ पोर्टल के लिंक से पंजीकरण कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 15 से 30 जून कर दी है।

प्रवक्ता प्रोफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इस बार पीजी डिप्लोमा में 510, एडवांस में 60, सर्टिफिकेट की 80, प्रोफेशिएंसी में 125 व डिप्लोमा में 135 सीटें हैं। गाइडलाइंस के मुताबिक डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, सर्टिफिकेट संचालन तभी होगा जब विज्ञापित सीट 30 से अधिक के सापेक्ष 20 विद्यार्थी प्रवेश लेंगे।

**125** सीटें प्रोफेशिएंसी कोर्सों में दाखिले के लिए

### डिप्लोमा कोर्स के छह पाठ्यक्रमों में 135 सीटें

डिप्लोमा में अरेबिक की 20, प्रोफेशिएंसी इन फ्रेंच रेगुलर 20, सेल्फ फाइनेंस 20, तमिल 20, डेटा एनालिस्ट विथ स्टैस्टिकल फार सोशल साइंस 30, स्किल डेवलपमेंट इन प्रोसेसिंग एंड वैल्यू एडिशन ऑफ प्लांट्स में 25 सीटें हैं।

### 240 सीटें एडवांस डिप्लोमा, सर्टिफिकेट में

एलयू में एडवांस डिप्लोमा कोर्स के अरेबिक में 20, फ्रेंच रेगुलर 10, फ्रेंच सेल्फ फाइनेंस 10 और तमिल की 20 सीट हैं। इसी तरह सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में प्रोफेशिएंसी इन फ्रेंच रेगुलर की 40, प्रोफेशिएंसी इन फ्रेंच 80, जलीय वन्यजीव संरक्षण 20, पक्षी विज्ञान 20 और वेटलैंट मैनेजमेंट में 20 सीट हैं।

### अरबी की 25, पाली 20 और फारसी की 10 सीटें

प्रोफेशिएंसी पाठ्यक्रमों में अरेबिक की 25, पाली 20, पर्शियन 10, प्राकृत 20, संस्कृत 20, तमिल 20, उर्दू में 10 सीट हैं।

**10** जुलाई तक भाषा विवि की वेबसाइट पर तीन श्रेणी में करें आवेदन

### केएमसी में पीएचडी के आवेदन शुरू

भाषा विश्वविद्यालय ने पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश की कवायद शुरू कर दी है। इच्छुक अभ्यर्थी 10 जुलाई तक विवि की वेबसाइट https://kmclu.ac.in पर आवेदन कर सकते हैं। पीएचडी के लिए तीन श्रेणियां निर्धारित की हैं। कुलपति प्रो. अजय तनेजा का कहना है कि हमारा प्रयास है कि विश्वविद्यालय में शोध की गुणवत्ता को ऊंचाई पर ले जाया जाए।

**18 विभागों में होंगे प्रवेश :** अंग्रेजी तथा आधुनिक यूरोपीय एवं एशियाई भाषा में तीन, अनुप्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी- गणित विज्ञान की नौ, अनुप्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी रसायन विज्ञान की चार, अरबी की आठ और अर्थशास्त्र की चार सीटों पर प्रवेश होना है। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट देखें।

### भाषा विवि में पूर्णकालिक पीएचडी का पंजीकरण शुल्क

| फुल टाइम पीएचडी के लिए | पार्ट टाइम पीएचडी प्रोग्राम |
|---|---|
| पंजीकरण शुल्क- **6000** रुपये | **10** हजार रुपये |
| कोर्स वर्क शुल्क- **5000** रुपये | **08-10** हजार रुपये |
| प्री सेमेस्टर शुल्क- **24,500** रुपये | **42,800-58,500** रुपये |
| थेसिस सबमिशन- **15** हजार रुपये | **25-30** हजार रुपये |

### एलयू में 15 यूजी-पीजी कोर्स के रिजल्ट जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत स्नातक, परास्नातक व डिप्लोमा स्तर के 15 पाठ्यक्रमों का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि बीएससी कृषि ऑनर्स एनईपी चौथे व छठे, बीएससी एनईपी छठे, बीबीए टूरिज्म चौथे व छठे सेमेस्टर और एमए उर्दू समेत रिजल्ट घोषित हुए हैं।

## TOI PAGE 3

# *LU's foreign students to make Yoga Day truly international*

Times News Network



**FOR BODY & MIND** A student practising for Yoga Day on LU campus

**Lucknow:** For the first time, over 100 foreign students from Lucknow University will perform yoga on the International Day of Yoga on Jun 21 on the campus. Some students said it was going to be their first time performing yoga, with such a large number of students, teachers and non-teaching employees.

"I am looking forward to the opportunity to be part of the event on campus and to relax and refresh as well as connect with others in celebrating benefits of a healthy lifestyle," said Petrus Petrus from Namibia, pursuing BCom, adding, "Yoga helps clear mind and rejuvenate the body and for me, it's the first time I will be performing yoga in a large gathering."

MA English student Paimora Murodbekova from Tajikistan said, "I am excited to take part in International Yoga Day on the university campus. For me, yoga is not just an exercise but a way to connect body, mind and soul. It teaches us discipline, focus and gives inner peace that we can carry into our daily lives."

Mringi Pius from Tanzania said, "It is not my first chance to perform yoga. We have yoga sessions on campus for physical and mental well-being and it promotes peace, harmony and self-realisation, contributing to global peace. Essentially, we are learning a philosophy of life that extends beyond physical exercise to encompass spiritual and societal well-being," said the student of master's in public administration.

Sayuni Harun Ntullo, from Tanzania, pursuing a PhD in library and information science said, "It feels great to be part of a global movement promoting health and mindfulness.."

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

### 30 तक बढ़ाई आवेदन की तिथि

लखनऊ। लविवि में पीजी डिप्लोमा, एडवांस डिप्लोमा, डिप्लोमा, प्रमाणपत्र और प्रोफेशिएंसी कोर्सों में दाखिले के लिए भी आवेदन तिथि बढ़ा दी गई है। अब 15 के बजाय 30 जून तक आवेदन कर सकेंगे। प्रवेश समन्वयक डॉ. अनित्य गौरव की ओर से जारी सूचना के अनुसार 41 कोर्सों की 1010 सीटों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया जारी है। अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट पर समर्थ पोर्टल के लिंक के जरिये पंजीकरण कर सकते हैं। (संवाद)

### 15 कोर्सों के परिणाम घोषित

लखनऊ। लविवि ने बुधवार को सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत स्नातक, परास्नातक व डिप्लोमा स्तर के 15 पाठ्यक्रमों का परिणाम घोषित कर दिया। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि बीएससी कृषि ऑनर्स एनईपी चौथे व छठे, बीएससी एनईपी छठे, बीबीए टूरिज्म चौथे व छठे सेमेस्टर और एमए उर्दू, पत्रकारिता एवं जनसंचार व अंग्रेजी के छठे तथा लिंग्विस्टिक के दूसरे सेमेस्टर का परिणाम जारी हुआ है। एमपीएच पब्लिक हेल्थ, एमटीटीएम टूरिज्म एंड ट्रैवेल मैनेजमेंट के चौथे, एलएलबी पांच वर्षीय 2017 व 2018 के दसवें और आचार्य के चौथे सेमेस्टर का भी नजीता आया है। (संवाद)

## AMRIT VICHAR PAGE 7

### लविवि के सम सेमेस्टर परीक्षाफल घोषित

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय व सहयुक्त महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं के सम सेमेस्टर परीक्षाओं के निम्नलिखित पाठ्यक्रमों के परीक्षाफल घोषित कर दिए गए हैं। परीक्षाफल विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर उपलब्ध हैं। छात्र संबंधित विवरण वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं।